तापमान

अधिकतम 35.8 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 17 जून, 2025



11 श्रीकृष्ण कृपा गीता मंदिर में चल रहे समर कैंप का समापन...



12 परशुराम जिला ब्राह्मण सभा की कार्यकारिणी का चयन...




## खबर संक्षेप

### मरणोपरांत नेत्रदान कर दो लोगों को दी रोशनी

**करनाल।** विकास नगर, करनाल निवासी 83 वर्षीय इंद्रकांता बख्शी के निधन के उपरांत उनके परिजनों ने एक प्रेरणादायक निर्णय लेते हुए उनकी आँखें दान कर मानवता की मिसाल पेश की। इस नेत्रदान के माध्यम से दो नेत्रहीनों को नई रोशनी मिलने की संभावना बनी है। लक्ष्य जनहित सोसायटी के संस्थापक व समाजसेवी दिनेश बख्शी ने अपनी माता के मरणोपरांत नेत्रदान के लिए माधव नेत्र केंद्र की टीम से संपर्क कर यह नेक कार्य सम्पन्न करवाया। माधव नेत्र केंद्र की टीम ने तत्परता से पहुँचकर नेत्रदान की प्रक्रिया को पूर्ण किया।

### बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई करें आवेदन

**अंबाला।** जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि जिला बाल सरंक्षण इकाई , महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरुस्कार 2025 के लिए अब नामांकन /आवेदन अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 तक आमंत्रित किए गए हैं।

### रेत से भरी 2 ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़ा

**करनाल।** जिला खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि महानिदेशक केएम पांडुरंग और उपायुक्त उत्तम सिंह के निर्देशों के तहत जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए जांच अभियान जारी है। इसी कड़ी में सोमवार को खनन विभाग और हरियाणा राज्य एनफोर्समेंट ब्यूरो की संयुक्त टीम में शामिल एएसआई मोहन लाल, एएसआई नवीन, ईएसआई राजेंद्र, माइनिंग गार्ड रोहतास द्वारा चैकिंग के दौरान घरौंडा के गांव हरिसिंह पुरा बस स्टेंड के पास रेत से भरी 2 ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़ा गया। जिन ट्रैक्टर-ट्रालियों के चालको के पास बिल नहीं पाया गया। इसी कारण इन वाहनों को जब्त कर खनन विभाग की टीम द्वारा घरौंडा थाने में पहुंचाया गया है। खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है। जिला में अवैध खनन किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अवैध खनन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### खेत पर कब्जे की चेष्टा मामला दर्ज

समालखा। समालखा थाना में गांव देहरा निवासी लखमी चंद ने दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार सुबह वह अपने बेटे जगपाल के साथ खेत पर गए तो देखा कि उनके चचेरे भाई जसमत, मंजीत और संजीत अपने बेटों पवन, नीरज, सुभम, बबलू व निक्की के साथ मिलकर उनकी जमीन पर कब्जा कर रहे थे। आरोपी दो ट्रैक्टरों से खेत में मिट्टी डाल रहे थे। पुलिस ने केस दर्ज कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# रिहायशी भवन से आठ लाख का माल साफ, रसोईघर से भवन में हुए दाखिल

## पुलिस ने वारदात का मुआयना कर मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। मुलाना



अंबाला। चोरी के बाद घर में बिखरा सामान। फोटो : हरिभूमि

- चोर बच्चों के गुल्लक तक को चोरी कर ले गए। वारदात के समय घर पर कोई नहीं था ।
- करीब 3 लाख रूपए की नकदी सहित लाखों रूपये के सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए पुलिस ने मौके का मुआयना किया और फारेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए।

क्षेत्र में चोरों के हौसले बढ़े हुए हैं। अब गणपती विहार में चोरों ने रात के समय एक फैक्ट्री संचालक के घर को निशाना बनाकर लाखों रुपए की नकदी सहित कीमती जेवरात चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया । चोर बच्चों के गुल्लक तक को चोरी कर ले गए। वारदात के समय घर पर कोई नहीं था । फैक्ट्री संचालक संजीव अपनी पत्नी व बच्चों को लेने ससुराल गया हुआ था । चोर रसोई के दरवाज़े को तोड़कर घर में घुसे थे। वारदात को पता सोमवार को परिजनों के घर लौटने पर हुआ । सूचना पाकर पुलिस मौके पर पंहुच कर जांच में जुट गई। संजीव ने बताया कि वो एक फैक्ट्री संचालक है । शनिवार को वह अपने ससुराल गया था । जहां से वह सोमवार सुबह घर आकर घर का मुख्य दरवाजा खोला तो पाया कि रसोई का दरवाजा खुला हुआ है। जब अंदर जांचा तो पाया कि घर का सारा सामान बिखरा हुआ है। परिजनों के पांव तले की जमीन खिसक गई । चोर अलमारी में रखी करीब 3 लाख रूपए की नकदी सहित लाखों रूपये के सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए है। संजीव ने बताया कि अलमारी में फैक्टरी की नकदी रखी थी जोकि गाडी वाले को देनी थी। लेकिन उसे चोर चोरी कर ले गए । चोरों मे घर से एसी के स्टेबलाइजर सहित बच्चों के गुल्लक को भी चोरी कर लिया । संजीव के अनुसार उन्हें करीब 8 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। संजीव ने तुरंत पुलिस को कॉल किया । जिसके बाद पुलिस ने मौके का मुआयना किया और फारेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए।

# यूपी में कुराड के किसान की गोली व चाकू मार कर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत



पानीपत के गांव कुराड निवासी 42 वर्षीय किसान की उतर प्रदेश के शामली जिला के गांव ममोर गांव के खेत में जाते समय चाकू व गोली मार कर हत्या कर दी। वहीं, बीच-बचाव में आए दो व्यक्तियों पर भी हमला कर उन्हे भी घायल कर दिया। वहीं सूचना मिलते ही यूपी के कैराना और हरियाणा पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को उपचार के लिए पानीपत सिविल अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने देवेंद्र देशवाल को मृत घोषित कर दिया। जानकारी अनुसार पानीपत के थाना सनौली क्षेत्र के गांव कुराड निवासी देवेन्द्र की यूपी के गांव ममोर में सात एकड़ कृषि भूमि है। जबकि उसने 20 एकड़ जमीन ठेके पर ले कर खेती की हुई है। सोमवार सुबह करीब नौ बजे देवेंद्र अपने साथियों के साथ अपने खेत में जा रहा था। इस दौरान गांव के ही दूसरे सम्प्रदाय के दो सगे भाइयों से कहासुनी और मारपीट हो गई। आरोपियों ने देवेंद्र पर चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद देवेंद्र को गोली मार दी और मौके से भाग गए। जबकि बीच बचाव कर रहे दो अन्य व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को उपचार के लिए पानीपत सिविल अस्पताल भिजवाया। जहां डाक्ट्रों ने देवेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। घायलों का उपचार शुरू कर दिया। वहीं पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों के हवाले कर दिया। दूसरी ओर हत्याकांड की सूचना मिलते ही शामली जिले के पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार, कैराना सीओ अमरदीप मौर्य और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच की। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दो साल पहले देवेंद्र और दूसरे पक्ष के बीच कोई विवाद हुआ था। उसी विवाद में हत्या की आशंका है।

# कार सवारों पर फायरिंग, चालक की गर्दन में घुसा छर्रा

- शहजादपुर एरिया की घटना, अस्पताल में दाखिल दोस्त का हालचाल जानने चंडीगढ़ जा रहे थे

**अंबाला।** चंडीगढ़ जा रहे कार सवार युवकों पर अचानक फायरिंग हो गई। फायरिंग के कारण एक युवक बुरी तरह जख्मी गया। कार सवार युवकों ने भागकर जान बचाई। वन विभाग की टीम पर बिना जांच फायरिंग के आरोप लगाए जा रहे हैं। शहजादपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के दौरान पुलिस को कार पर भी गोलियों के कई निशान मिले हैं।

जानकारी के मुताबिक यमुनानगर के जाटोवाला गांव के कुछ युवकों स्विफ्ट गाड़ी में सवार होकर बीते रोज चंडीगढ़ जा रहे थे। शहजादपुर के पास अचानक उनकी गाड़ीपर ताबड़तोड़ फायरिंग हो गई। इस दौरान गाड़ी पर गोलियों के कई निशान मिले। वारदात में एक युवक के सिर और गर्दन में गोलियों के छर्रे लगे हैं। जान बचाने के लिए युवक कार समेत वापिस यमुनानगर लौट गए।युवकों का आरोप है कि फायरिंग करने वाले फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के कर्मचारी थे। वे पिकअप गाड़ी में सवार थे। यमुनानगर पुलिस का कहना है कि घटना शहजादपुर में हुई है। इसलिए मामले में कार्रवाई अंबाला पुलिस करेगी। उन्हें सूचना दे दी गई है। कार सवार युवक शाहरुख ने बताया कि उनके गांव का एक युवक चंडीगढ़ अस्पताल में एडमिट है।उसका हालचाल जानने के लिए वह रविवार देर शाम अपने दोस्त जुल्फान के साथ स्विफ्ट कार में सवार होकर चंडीगढ़ जा रहा था। शहजादपुर के पास पहुंचे तो आगे एक पिकअप गाड़ी चल रही थी। वह उसे ओवरटेक करने लगा तो अचानक से फायरिंग शुरू हो गई।शाहरुख ने बताया कि फायरिंग में गोली उसकी स्विफ्ट गाड़ी के पिछले शीशे पर लगी, जिससे शीशा चकनाचूर हो गए। उसने मुड़कर देखा तो ऐसे में एक छर्रा उसके गले पर लगा। शाहरुख का कहना है कि पिकअप गाड़ी में तीन चार लोग सवार थे जिन्होंने ताबड़तोड़ फायरिंग की। जान बचाने के लिए वे अपनी स्विफ्ट कार को वहां से भगा ले गए।

# व्यक्ति के खुदकुशी मामले में महिला पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

- गांव भूरे का माजरा में व्यक्ति ने फांसी लगाकर की थी खुदकुशी

गांव भूरे का माजरा में व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने एक महिला के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव भूरे का माजरा निवासी पंचराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव का ही 41 वर्षीय देवी लाल काफी दिनों से परेशान था। रविवार को उनके परिवार के सभी सदस्य किसी काम से बाहर गए थे। दोपहर को देवीलाल ने अपने कमरे में चुन्नी का फंदा बनाकर पंखे से लटक कर खुदकुशी कर ली। परिवार के सदस्य घर लौटे तो उन्होंने उसका शव पंखे से लटका मिला। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देवीलाल को नीचे उतारा। उसने आरोप लगाया कि विनिता शर्मा उर्फ सोनिया देवी लाल को काफी दिनों से परेशान कर रही थी। देवी लाल ने उसे इस बारे में बताया था। जिससे वह परेशान चल रहा था। विनिता शर्मा से परेशान होकर उसने खुदकुशी की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी विनिता शर्मा के खिलाफ खुदकुशी के लिए मजबूर करने के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# कुरुक्षेत्र विवि के 15 विद्यार्थियों की हुई कैम्पस प्लेसमेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण, प्रशिक्षुता और रोजगार केन्द्र द्वारा आयोजित कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से एमबीए के 15 छात्र-छात्राओं को रोजगार प्राप्त हुआ है। विद्यार्थियों के चयन पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसकी जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने बताया कि गत दिनों जानी-मानी एचआर कम्पनी वृंदा ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने विश्वविद्यालय में कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जिसमें एमबीए के लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सबसे पहले कंपनी के अधिकारियों द्वार एक प्री-प्लेसमेंट वार्ता द्वारा विद्यार्थियों को कंपनी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई इसके बाद लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया।

इस परीक्षा में उतीर्ण विद्यार्थियों की सामूहिक परिचर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार लिए गए जिसके बाद 15 छात्र-छात्राओं का चयन कंपनी में मैनेजमेंट ट्रेनी के रूप में किया। चयनित छात्राओं में नंदिनी, मीनल यादव, नेहा रानी, नेहा, मुस्कान, अभिषेक शर्मा, दिशा चेतना और नितिन शामिल हैं।

### छीनाझपटी के 2 आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**यमुनानगर।** कुरुक्षेत्र। जिला पुलिस ने छीनाझपटी की वारदात को सुलझाते हुए महिला से बैग छीनने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में थाना शाहबाद की टीम ने छीनाझपटी की वारदात को सुलझाते हुए रोबिन वासी खानपुर जिला अम्बाला व गुरविंद्र सिंह वासी दाऊ माजरा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में रणजीत सिंह वासी सीवन माजरा जिला अम्बाला ने बताया कि 15 जून 25 को वह अपनी पत्नी और बेटे के साथ मोटरसाईकिल पर शाहबाद -लाडवा पुल से गुजर रहा था। उसी समय दो युवक मोटरसाईकिल आए और उसकी पत्नी से बैग छीनकर भाग गए। उसने इसकी सूचना डायल-112 पर पुलिस को दी। सूचना पर पीएसआई अंकित, सहायक उप निरीक्षक सुशील कुमार व संदीप कुमार की पुलिस टीम मौका पर पहुंची और राहगीरों की मदद से आरोपियों को काबू किया।

# इमरजेंसी को काला दिवस के रूप में मनाएगी कमेटी

- हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी ने लिया फैंसला
- अमित शाह, जेपी नड्डा, मनोहर लाल, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी को भेजा न्योंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** पत्रकारों से बातचीत करते हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा।

देश में तत्कालीन सरकार द्वारा साल 1975 में लगाई गई इमरजेंसी का काला दिवस हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी 26 जून को मनाएगी।

\कुरुक्षेत्र के गुरुद्वारा पातशाही छठी में करवाए जाने वाले काला दिवस समागम का न्यौता केंद्रीय मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा, मनोहर लाल, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी को भी दिया गया है। इसके लिए बकायदा हरियाणा कमेटी की ओर से पत्र भी लिखे गए हैं। यह जानकारी हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने हैड ऑफिस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। इस मौके पर उनके साथ हरियाणा कमेटी के संयुकत सचिव बलविंदर सिंह भिंडर, स्पोकसमैन कुलदीप सिंह फग्गू, इंदरजीत सिंह, सुखदेव सिंह, चीफ सैकेटरी जसविंदर सिंह दीनपुर, एडिशनल सैकेटरी एवं कार्यालय पीए सतपाल सिंह डाचर, राजपाल सिंह दुनियामाजरा, अस्टिैंट सैकेटरी अमरिंदर सिंह, अमीर सिंह कुरुक्षेत्र भी मौजूद रहे।

जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने कहा कि देश में लगाई आपातकाल का शिकार हुए लोगों, उनके आश्रितों या फिर उनके परिजनों को उपरोकत अतिथिगणों से सम्मानित करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा दुर्भागयपूर्ण समय था, जिसका शिकार भारी गिनती में लोग हुए थे। तत्कालीन सरकार ने सत्ता में काबिज रहने की लालसा को लेकर देश में एमरजैंस लगाई थी, जिसे हरियाणा कमेटी 26 जून को काला दिवस के रूप में मना रही है। एक सवाल के जवाब में जत्थेदार झींडा ने कहा कि जरनल हाऊस की बैठक में उन्होंने सभी सदस्यों से एकता का परिचय देने की अपील की थी। उन्होंने सर्वसम्मति से प्रधान एवं कार्यकारिणी चुनने की अपील सभी सदस्यों से बार-बार की, लेकिन कुछ मैंबर साहिबान बहिष्कार कर गुरु घर में नारेबाजी करने लगे, जो कि अनुचित है।

गुरु घर में नारेबाजी करना सही नहीं, लेकिन विरोध में आए मैंबर साहिबान ने उनकी एक न सुनी।

### पंजाबी पढ़ाने की सरकार करें व्यवस्था

हरियाणा कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि वे सूबे में पंजाबी अध्यापक भर्ती करने की मांग को लेकर वे सीएम नायब सिंह सैनी से मुलाकात करेंगे। उन्होंने बताया कि पंजाब टीचर अपनी मांगों को लेकर सोमवार को कार्यालय में उनसे मिले थे। उन्होंने काफी देर तक बैठक कर अपनी समस्याओं का जिक्र किया और पंजाबी भाषा को दूसरी भाषा का दर्जा दिलाने के लिए भी विचार विमर्श किया। जत्थेदार झींडा ने बताया कि इस पर उन्होंने पंजाबी अध्यापकों की मांग सीएम तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है।

साथ उन्होंने यह भी मांग हरियाणा सरकार से की कि प्रदेश के सभी जिलों में सिख बसते हैं,इसलिए प्रत्येक जिला में पंजाबी टीचर की पोस्ट बना वहां अध्यापकों की भर्ती की जानी चाहिए। जहां पहले से ही पंजाबी भाषा के टीचर की पोस्ट है, वहां खाली पोस्टों पर भर्ती की जानी चाहिए।

## कथा व्यास अदिति ने श्रीमद भागवत कथा श्रद्धालुओं को किया संबोधित

# राग द्वेष के चलते ही मानव मानसिक रोगों से ग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला





कथा व्यास साध्वी अदिति भारती प्रवचन करते हुए व मौजूद संगत।

मां अंबा की पावन भूमि में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रामबाग में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज की शिष्या विश्व विख्यात कथा व्यास साध्वी अदिति भारती ने किया। महादेवी के विस्तृत महात्मय का वर्णन करते हुए साध्वी ने बताया कि जिसे वेद विद्या कहते हैं, योगी जिसे परा शक्ति कहते है, जिसे भक्त माँ पार्वती, लक्ष्मी, दुर्गा, काली, सरस्वती, अन्नपूर्ण आदि नामों से पूजते हैं, पाश्चात्य दार्शनिक जिसे गैया कहते हैं, वैज्ञानिक जिससे उर्जा कहते हैं वास्तव में यह सब गुणवाचक नाम है ब्रह्म की उस एक सनातन शक्ति के जिन्हें हम आदिशक्ति जगत जननी जगदंबा कहते हैं। कथा कि सारगर्भिता को रखते हुए साध्वी ने बताया कि मौजूदा परिवेश में जहां हर ओर समाज मे तनाव और मतभेद पनप रहा हैं। मर्यादाएं भंग होगई हैं। संवेदनाओं का ह्रास हो रहा है ऐसे मे जगत जननी ही अपनी सृष्टि को प्रेम से सींच कर मर्यादाओं में बांध सकती है। क्यूंकि मां ही अपने शिशु को शुभ संस्कारों से पोषित करती है। श्रीमद देवी भागवत महापुराण में ब्रह्मांड उत्पत्ति के प्रसंग को विस्तार से रखते हुए साध्वी ने जगत के सत्य व उसके निर्माण के हेतु को आए हुए श्रद्धालुओं के साथ सांझा किया। मां के अवतरण लीलाओं में प्रथम आने वाली मधु कैटभ वध कि लीला का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण करते हुए उन्होंने बताया कि मधु और कैटभ वास्तव में मानव कि दो मूल प्रवृतियां- राग और द्वेष है। यह राग द्वेष ही मानव जीवन कि अशांति का मूल कारण है। इंद्रियों के विषयों में राग द्वेष के चलते ही मानव शारीरिक और मानसिक रोगों से ग्रस्त रहता है। जीवन रुपी अनमोल पूंजी को गंवता जा रहा है। वैराग्य से ही मधु-कैटभ का वध संभव है। वैराग्य का अर्थ संसार को छोड़ देना नहीं है अपितु यह मन की निरासक्त अवस्था है जो आत्म स्वरुप से जुड़ कर ही उत्पन्न होती है। साध्वी ने कहा मां भगवती का अंतर्घट में जागरण ही मानव को सभ्य कर सकता है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति घायल

- जिले के गांव अराइयांवाला के नजदीक हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

गांव अराइयांवाला के नजदीक देर शाम कार की टक्कर लगने से बाइक सवार दंपत्ति घायल हो गई। दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई रैफर कर दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव रहमिया कॉलोनी निवासी दिलशाद रविवार को अपनी पत्नी सुमन उर्फ शहनाज के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम से गया था। शाम को करीब साढ़े सात बजे जब वह वापस घर लौट रहे थे तो प्रतापनगर थाना क्षेत्र के गांव अराइयांवाला के नजदीक तेज गति से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना डायल 112 टीम को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने हालत को देखते हुए पीजीआई रैफर कर दिया। मगर परिजन उन्हें दूसरे अस्पताल में ले गए। जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप



### डा. संदीप अबरोल ने संभाला कार्यभार

इंद्री। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंजपुरा के एसएमओ डा. संदीप अबरोल को इंद्री नागरिक अस्पताल का अतिरिक्त कार्यभार मिला। सोमवार को एसएमओं संदीप ओबराल ने कार्यभार संभालते ही अस्पताल में कार्यरत स्टाफ के साथ मीटिंग कर अस्पताल में चल रही खामियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के प्रत्येक विभाग का दौरा कर सभी कर्मचारियों को अस्पताल में आने वाले हर रोगी का पूरा ध्यान रखने और इलाज में कोताही नहीं बरतने के आदेश दिए।

### शहर के उत्तम नगर पार्क में त्रिवेणी लगाई

करनाल। शहर के उत्तम नगर स्थित पार्क में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर डीएसपी राजीव कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। पार्षद पप्पू लाठर, पूर्व पार्षद रोहताश लाठर, पदम सिंह द्वारा बुके देकर मुख्यतिथि का स्वागत किया गया। डीएसपी राजीव कुमार व अन्य अतिथियों ने पार्क में त्रिवेणी लगाकर पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया गया। इस अवसर पर डीएसपी राजीव कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़-पौधे लगाना अति आवश्यक है। पेड़ हमें केवल छाया, फल व लकड़ी ही नहीं देते बल्कि संजीवनी रूपी ऑक्सीजन भी देते है। इसलिए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें।



### भजन-पूजन संकीर्तन व भंडारे का आयोजन

तरावड़ी। बाबा बंसी वाले गुरु परिवार, तरावड़ी की ओर से आज बाबा बंसी वाले अन्नपूर्णा आश्रम भूपतवाला हरिद्वार में भजन-पूजन व भंडारे का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि बाबा बंसी वाले गुरु परिवार तरावड़ी की ओर से प्रत्येक माह इस आश्रम पर साधू सन्तों के लिये भंडारे का आयोजन किया जाता है। भंडारे के अतिरिक्त गुरु परिवार की ओर से वार्षिक एकादशी सेवा प्रदान की जा रही है। तरावड़ी से हरिद्वार पहुंचे गुरु-परिवार के सदस्यों के द्वारा आज आश्रम परिसर मंदिर में प्रातः गुरु कुटिया मे आरती के उपरांत मंदिर परिसर में शालिगराम जी का जलाभिषेक, शिव बाबा का रुद्राभिषेक, भजन-पूजन करके बाबा जी की आरती की गई। मंदिर परिसर में पूजा कार्यों से निवृत हो कर सभी सदस्यों ने भंडारे के आयोजन में अपनी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर साधु-संतों व साधुओं को भोजन एवं दक्षिणा वितरित की।

# नगर निगम आयुक्त ने स्वच्छता के 47 कर्मठ सिपाहियों को किया सम्मानित

## शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में नींव के पत्थर हैं सफाई कर्मी, सम्मान पाकर खिले चेहरे

- शहरवासियों से सिंगल यूज प्लास्टिक को त्यागने की अपील
- निगम आयुक्त ने दी कर्मचारियों को बधाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

स्वच्छता को लेकर उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों को नगर निगम करनाल की ओर से सम्मानित किया गया है। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने सोमवार को स्वच्छता के 47 कर्मठ सिपाहियों को स्वच्छ सम्मान से नवाजा। इनमें 44 पुरुष एवं 3 महिला सफाई कर्मी शामिल हैं। सम्मान पाकर कर्मचारियों के चेहरों पर मुस्कान के साथ काफी उत्साह भी था। इस मौके पर अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार भी मौजूद रहे। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि शहर में स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर रोजाना अलग-अलग गतिविधियां चलाई जा रही हैं। स्वच्छ सम्मान गतिविधि भी इन्हीं में से एक है। उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र की प्रत्येक बीट में से उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक-एक सफाई कर्मी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया है। उन्होंने बताया कि जोन नम्बर 1 से 12 सफाई कर्मचारियों, जोन नम्बर 2 से 18, जोन नम्बर 3 से 8 तथा जोन नम्बर 4 से 9 सफाई कर्मचारियों का चयन किया गया है।

उन्होंने बताया कि अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार के नेतृत्व में सफाई निरीक्षकों की जोन अनुसार टीम गठित की गई थी। यह टीमें प्रत्येक बीट में जाकर लगातार अपनी निगरानी बनाए हुई थी। टीम द्वारा निर्धारित विभिन्न मापदंडों के आधार पर उपरोक्त कर्मचारियों का चयन किया गया था। इनमें कर्मचारी का पूरी वर्दी में होना, हाजिरी, समय से ड्यूटी पर उपस्थित होना, आपातकाल ड्यूटी पर तुरंत आना, कार्य में कौताही न बरतना, कर्मचारी की शिकायत न आना तथा अपने कार्य को पूरी निष्ठा व लगन से करना जैसे मापदंड तय किए गए थे। नगर निगम आयुक्त ने अपने संबोधन में शानदार कार्य करने के लिए सभी सम्मानित कर्मचारियों को बधाई दी। लोग बिना समय की परवाह किए सडक़ों, प्लॉट, नालियों एवं नालों की सफाई कार्यों में जुटे नजर आते हैं।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सफाई निरीक्षक ऊषा रानी, मनदीप सिंह व संदीप कुमार, सहायक सफाई निरीक्षक प्रवेश कुमार व गुलाब सिंह, स्वच्छ भारत मिशन टीम से ट्रीगर मास्टर गुरदेव सिंह, मोटीवेटर महेन्द्र सिंह, कुलदीप व दीपमाला, लिपिक अंकित तथा आई.ई.सी. एक्सपर्ट विनोद दहिया मौजूद रहे।

# मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियों को लेकर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत मोहद्दीनपुर मंडल की बैठक सेक्टर-8 स्थित कार्यालय में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सचिन राणा ने की, जबकि संचालन मंडल संयोजक धीरज खरकाली ने किया। इस अवसर पर मंडल सह-संयोजक राहुल तोमर, महामंत्री राजेश लाठर व विक्रम पाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में केंद्र सरकार की 11 वर्षों की जनकल्याणकारी उपलब्धियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि बीते एक दशक में मोदी सरकार ने गरीब कल्याण, सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया, राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक मंचों पर भारत की साख को सुदृढ़ करने का कार्य किया है।

बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को आगामी माह तक चलने वाले जनजागरण कार्यक्रमों की जानकारी भी दी गई। इसमें बताया गया कि 19 से 21 जून तक बूथ स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, 23 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि आयोजन होगा। 25 को काला दिवस के रूप में आपातकाल की बरसी मनाई जाएगी। 29 को 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण बूथ स्तर पर किया जाएगा। 5 जुलाई से 15 अगस्त तक पर्यावरण संरक्षण अभियान के अंतर्गत विभिन्न जनसंपर्क गतिविधियाँ चलाई जाएंगी।

# जैन मुनि पहुंचे सीएम आवास पर, दिया शांति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल



मानव सेवा, प्राणी सेवा, सर्व धर्म सद्भाव को समर्पित आदर्श संन्यासी जीवन जीने वाले, राष्ट्रीयता के प्रबल समर्थक भारत संत गौरव उपप्रवर्तक पीयूष मुनि जी महाराज मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी के आग्रहपूर्ण अनुरोध पर मुख्यमंत्री निवास संत कबीर कुटीर चंडीगढ़ में पधारे जहां मुख्यमंत्री तथा मुख्यमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका अभिनंदन किया।

मुनि जी की उत्कृष्ट आध्यात्मिक साधना और समाज सेवा का हार्दिक अनुमोदन करते हुए उन्हें सम्मानसूचक आदर की चादर से सम्मानित किया और करनाल में श्री आत्म मनोहर जैन चैरिटेबल हस्पताल में सी टी स्कैन, आपात सेवा यूनिट, महिला रोग विभाग के उद्घाटन एवं सेवा समर्पण हेतु अगस्त महीने में उपस्थित होने की स्वीकृति दी। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, चरित्र निर्माण जीव दया एवं प्रकृति संरक्षण को समर्पित आत्म मनोहर जैन संस्थान समूह के अंतर्गत सेवारत विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं की ओर से विनोद मित्तल (निक बेकर्ज), जगमोहन गर्ग (जुबिली ग्रुप), प्रेमसागर जैन (कला मंदिर), सुरेंद्र गुप्ता (दुनार), सतीश गोयल (जगदंबा), महेश सुखीजा (आर.के. एसोसिएट), अजय गोयल (अशोका राइस), प्रशांत गोयल (प्रभात), नीरज बंसल (बंसल फाइनफूड्ज), राहुल जैन (टी.आर.जे. ऑटोमोबाइल्ज), महेंद्र जैन (रिअल एस्टेट डिवैलपर्ज)आदि शिष्टमंडल में उपस्थित रहे।



## 119वें भंडारे की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

करनाल। बाबा राम दास जी गिरी के 119वें पावन भंडारे के आयोजन को लेकर रविवार सायं उत्तम औषधालय परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बाबा जी के गद्दी नशीन वैद्य देवेंद्र बत्रा ने की। बैठक की शुरुआत हाल ही में हुए विमान हादसों में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट के मौन से की गई। उपस्थित श्रद्धालुओं और सेवादारों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। बैठक में आगामी 29 जून को गांव कलवेहड़ी में लगने वाले भंडारे की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। सेवा वितरण, भोग, जलपान, यातायात और बैठने की व्यवस्थाओं को लेकर कार्य विभाजन किया गया तथा सेवादारों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

# मोदी के कुशल नेतृत्व में देश बना विश्व की चौथी सबसे बड़ी शक्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल



- संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन किया

भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम को लेकर मोदी जी के 11 वर्षों के शासनकाल बारे में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में एक प्रोफेशनल मीट आयोजित की गई है। जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री डा अर्चना गुप्ता ने सम्बोधित किया।

इस अवसर पर मुख्य तौर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर के अतिरिक्त भाजपा करनाल जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के जिला संयोजक अशोक सुखीजा, केश कला बोर्ड चैयरमेन यशपाल ठाकुर, चैयरपर्सन निर्मला बैरागी सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, कृष्ण गर्ग,प्रोफेसर वीरेंद्र चौहान आदि मुख्य तौर पर मौजूद रहे।

प्रदेश महामंत्री डा अर्चना गुप्ता ने कहा कि मोदी जी के 2014 के बाद के 11 वर्षों के शासनकाल और विपक्ष के 2014 से पहले के शासनकाल का यदि तुलनात्मक अध्ययन किया जाए तो आप देखेंगे कि मोदी के शासनकाल में देश के विकास के साथ साथ मोदी जी ने महिलाओं, युवा, किसान व गरीब का समग्र विकास किया है। इस मौके पर जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम के दौरान संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के जिला प्रभारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सुखीजा ने सभी का इस बैठक में आने पर धन्यवाद करते हुए आभार व्यक्त किया।

# आर्य वीर दल शिविर में बच्चों को मिलते हैं सकारात्मक विचार और संस्कार : राणा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

गांव घोघड़ीपुर आर्य समाज द्वारा आयोजित 7 दिवसीय चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास शिविर का रविवार को समापन हो गया। सात दिवसीय शिविर में बच्चों ने योगासन, प्राणायाम, जूडो कराटे, लाठी का प्रशिक्षण वैदिक मान्यताएं एवं चरित्र निर्माण के साथ-साथ देश भक्ति व माता पिता तथा समाज सेवा की शिक्षा ग्रहण कीं। इस अवसर पर जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि सोहन सिंह राणा ने मुख्यतिथि व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि बलवान सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। आर्य समाज सभा की ओर से अतिथियों का बुके देकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। बच्चों ने योगासन, लाठी, प्राणायाम, जूडो कराटे सहित विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन कर सबको हैरान कर दिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सोहन सिंह राणा ने कहा कि आर्य वीर दल बच्चों को जीवन मूल्यों, अनुशासन, नैतिकता और आत्म विकास से जुड़ी गतिविधियां सिखाकर सभ्य समाज का निर्माण करने में अपनी भूमिका निभा रहा है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर आर्य समाज सभा के प्रधान बलविन्द्र आर्य, मंत्री ओम प्रकाश आर्य, कोषाध्यक्ष बलराज मान, शिविर संयोजक भोपाल सिंह आर्य, महेन्द्र आर्य, राजेन्द्र आर्य, जितेंद्र मान व डॉ. सतीश आर्य सहित आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने सुनीं हलके के लोगों की समस्याएं



इंद्री। हलके के लोगों की समस्याऐं सुनते विधायक रामकुमार कश्यप ।

- संबंधित अफसरों को समाधान के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर हलके के लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग के हित, किसानों की खुशहाली और क्षेत्र की समृद्धि सुनिश्चित करना है। यदि समस्याओं का समय रहते समाधान हो जाए तो संबंधित व्यक्ति को उसका लाभ मिल सकता है। विधायक राम कुमार कश्यप ने बताया कि वे विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान हेतु नियमित रूप से जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित करते हैं।

कार्यक्रम में विभिन्न गांवों और संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखी, जिनमें से अधिकतर समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया और प्रशासनिक स्तर की समस्याओं के शीघ्र निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## 21 जून को इंद्री अनाज मंडी में होगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम

- एसडीएम अशोक कुमार मुंजाल ने लोगों से भाग लेने की अपील की

इंद्री। एसडीएम अशोक कुमार मुंजाल ने कहा कि 21 जून 2025 को पूरे विश्व में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में उपमंडल स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन अनाज मंडी, इंद्री में किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे इस कार्यक्रम में अवश्य भाग लें और योग को अपने जीवन का नियमित हिस्सा बनाकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन की ओर अग्रसर हों। उन्होंने कहा कि योग को केवल एक दिवस की क्रिया न मानें, बल्कि इसे अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाएं। उन्होने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की वैज्ञानिक और संतुलित कला है। योगाभ्यास से मनुष्य मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ, सशक्त और संतुलित रहता है। योग न केवल शरीर और मन के बीच सामंजस्य स्थापित करता है, बल्कि व्यक्ति और प्रकृति के बीच भी गहरा संबंध बनाता है। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है, बल्कि मानसिक शांति और आंतरिक ऊर्जा का भी स्रोत है। उन्होंने बताया कि योग तनाव को कम करने में अत्यंत सहायक है और एक तनाव मुक्त व्यक्ति समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का बेहतर निर्वहन कर सकता है।

## एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया का भव्य आयोजन

# ग्लोबल जैम अवॉर्ड से सम्मानित हुई महान शख्सियतें

- कार्यक्रम में सेलिब्रिटी गेस्ट फिल्म अभिनेता रज़ा मुराद, सुदेश बेरी एवं किशोर भानूशाली और फिल्म अभिनेत्री दीपशिखा नागपाल रहे
- विश्व विख्यात बिजनेस टायकून एवं शिवसेना के राष्ट्रीय समन्वयक, गठबंधन व चुनाव डॉ अभिषेक वर्मा ने मुख्य के रूप में शिरकत की।



हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा जम्मू कश्मीर गवर्मेंट के टूरिज्म डिपार्टमेंट के सहयोग से करप्शन फ्री इंडिया सेमिनार के अंतर्गत ग्लोबल जैम अवॉर्ड समारोह का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्व विख्यात बिजनेस टायकून एवं शिवसेना के राष्ट्रीय समन्वयक, गठबंधन व चुनाव डॉ अभिषेक वर्मा ने मुख्य के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में सेलिब्रिटी गेस्ट फिल्म अभिनेता रज़ा मुराद, सुदेश बेरी एवं किशोर भानूशाली और फिल्म अभिनेत्री दीपशिखा नागपाल रहे। कार्यक्रम में वीवीआईपी गेस्ट एम डी मुख्तार अंसारी निकोल वर्मा, डॉ वूप्पू संजीवा राव, सज्जाद अली खान, उमेश कुमार अग्रवाल, सविता चौहान, नजाकत चौधरी, विजय राव, सतीश कुमार प्रजापत, डॉ आशीष मलिक रहे। इस अवसर पर डॉ अभिषेक वर्मा ने कहा कि सभी मिलकर एक ऐसा भारत बनाएं जो सिर्फ विकासशील नहीं बल्कि चरित्रवान एवं ईमानदार हो।

### इन्हें किया सम्मानित

इस अवसर पर ग्लोबल जैम अवॉर्ड से पवन शर्मा, विशाल काठ,गौरव गाबा, लक्की संधू,कृपाल सिंह कटारिया,आशीष कुमार सिन्हा,डॉ सबरीराजा डी,संजय सिंघल,सुमित पूजाना, चांद किरण शर्मा,मोहित कौशिक,संदीप कुमार,सुरेन्द्र कुमार सहगल,रोहित शर्मा,श्रीकांत गुप्ता,डॉ संजीब शर्मा, डॉ सुरेश्वरी सागरिका जैना, आशुतोष चतुर्वेदी,हरजीत सिंह,नीरज गुनियाना,सुल्तान सिंह,प्रियंका राजीव गोयल,अशोक बजाज,योगेश गोयल, विकास जैन, सुरेन्द्र कुमार,एडवोकेट संजीव शर्मा,डॉ नितिन कुमार गोयल,हीरा लाल,पिंकी देवी,डॉ आशीष सांगवान,रवि कुमार,इंस्पेक्टर सतपाल सिंह, डॉ राशी मान,सोनू लाल बरनवाल,विनोद मोदगिल, खुर्शीद आलम,संतोष विष्णु,नदीम कबीर शेख,मोहमद उमर,देवव्रत आर्य,सुशील कुमार, अलीमुदीन,अहसान अली, सतेंद्रा, जुबेर,अर्जुन कुमार,अजीज अंसारी, जयदेब मंडल,इंद्रनील मंडल,सुजीत घोष,रणजीत गिरी,बसंत ठाकुर,दिबाकर मंडल, अरबिंद , मोहमद अकील खान,अमरेश बिस्वास, देबप्रसाद,सीमा गोदारा,पार्थ घोष, राजकीरण धर,इमरान,भीखम साहू,विजयेंद्र कुमार,सत्यनारायण सोनी,दीपक कुमार जायसवाल,प्रवेश,शीतल साहू, हनीफ, संतोष,विमल, राशिद,मोहमद महताब सैफी,विनोद, संजय,गौतम,राजू घोष,योगी साहू,राजेश यादव आदि को सम्मानित किया गया।

# रक्तदाता दिवस पर 52 लोगों ने रक्तदान कर कमाया पुण्य



हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

अंतरराष्ट्रीय रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ़ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स (निफा) द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 52 रक्तदाताओं ने रक्त दान कर इस दिन के महत्व को सारगर्भित कर दिया। हरियाणा रोडवेज ड्राइविंग स्कूल, अग्रवाल सभा सेक्टर 7, श्री कर्णेश्वर महादेव मंदिर सभा, जेसीआई गोल्ड के सहयोग व जिला रेड क्रॉस सोसायटी के मार्गदर्शन में निफा द्वारा आयोजित इस रक्त दान शिविर में सिविल अस्पताल करनाल के ब्लड बैंक की टीम ने रक्त दान करवाया।

शिविर का संचालन देख रहे निफा संयोजक एडवोकेट नरेश बराना, कार्यकारिणी सदस्य भूपिंदर सिंह, राजीव नटराज, अग्रवाल सभा सेक्टर सात के प्रधान हरीश अग्रवाल, व हरियाणा रोडवेज ड्राइविंग स्कूल के अधिकारी दविंदर कुमार और विनोद कुमार ने बताया कि गर्मी के मौसम में अक्सर ब्लड बैंकों में रक्त की कमी हो जाती है, इसलिए ऐसे समय में रक्त दान शिविर लगाने की ज़्यादा आवश्यकता होती है। नरेश बराना ने बताया कि यह दिवस दूसरों की जान बचाने वाले रक्त दाताओं के सम्मान के लिए मनाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### राजकीय माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया

**पानीपत।** जिला पानीपत समग्र शिक्षा अधिकारी डीपीसी नीलम कुण्डू द्वारा एफएलएन प्रशिक्षण के तीसरे दिन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिवाह में पहुंच कर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नीलम कुण्डू द्वारा अध्यापकगण के साथ सीधा संवाद किया। उन्होंने दोनों बैच में भागीदार अध्यापकगण के साथ एनसीएफएफएस के अंतर्गत पाठय पुस्तकों में बदलाव पर सवाल पूछे। टीचिंग लर्निंग प्रोसेस में बदलाव एवं शिक्षण अधिगम उपकरण संग्रह किट के सामान की उपलब्धता एवं सतत अनुप्रयोग बारे कहा गया।

### अवैध खनन करने वाले पर जुर्माना

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि अवैध खनन का कार्य करने वालों के खिलाफ और सख्ती बरती जा रही है। इधर, जिला खनन अधिकारी निरंजन ने बताया कि अवैध रूप से खनन करने वाले के खिलाफ 2 लाख 12 हजार का जुर्माना किया गया है व ट्रैक्टर को सीज कर दिया गया है।

### पुलिस टीम ने मादक पदार्थ तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने ट्रक यूनियन परिसर में नशा तस्कर समीर खान पुत्र याकुब निवासी बेरी वाली मस्जिद महादेव कॉलोनी को पांच किलो गांजा सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि समीर, यूपी के गोरखपुर से गांजा खरीद का लाया था। वहीं, समीर खान के खिलाफ थाना चांदनी बाग में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है। मादक पदार्थ की इस तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी लेकर उन्हें गिरफ्तार करने के लिए समीर को कोर्ट में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### ठगी के आरोपी पिता व पुत्र पकड़े

**पानीपत।** थाना शहर पुलिस ने व्यापार में हिस्सेदारी के नाम पर अविनाश नरूला के साथ 95 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोपी महाबीर कॉलोनी हाल माडल टाउन निवासी राजकुमार गैरा व देव गैरा को गिरफ्तार किया है। दोनों पिता व पुत्र है। थाना शहर प्रभारी कुलदीप ने बताया कि न्यायालय के आदेशानुसार लाजपत कॉलोनी निवासी अविनाश नरूला उर्फ आशु की शिकायत पर थाना शहर में 13 जून को धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया गया था।

### चोरी व ठगी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत की जाटल रोड पर पैदल जा रहे सारिक को रोककर बातों में लगा उसका मोबाइल फोन चोरी कर ठगी करने के आरोपी दिल्ली के बवाना के जेजे कॉलोनी निवासी दिलशाद उर्फ दिलावर को सीआईए टू पुलिस ने गिरफ्तार किया। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि आरोपी दिलशाद उर्फ दिलावर को पुलिस ने सोमवार को कोर्ट से दो दिन के रिमांड पर लिया है। इस मामले में थाना औद्योगिक सेक्टर 29 की कृष्णपुरा चौकी में यूपी के बिजनौर जिला के चांगीपुर गांव हाल किरायेदार महावीर कॉलोनी निवासी सारिक पुत्र रहम अली की शिकायत पर केस दर्ज है।

### विवाहिता लापता केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के इसराना थाना क्षेत्र में लव मैरिज के दो साल बाद महिला अपने दूसरे प्रेमी के साथ फरार हो गई। गुरुग्राम की बीस वर्षीय महिला ने अपने पति के साथ गांव में रहने के दौरान दूसरे युवक सागर निवासी गांव कुराना से प्रेम किया था। अब उसके साथ वह शादी की नीयत से फरार हो गई। इधर, पति की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस ने विवाहिता की गुमशुदी का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर द है।

### चाकू मार कर युवक को घायल किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव चुलकाना निवासी महावीर पर गांव के ही निवासी अमित उर्फ गंजा और विक्की उर्फ गडडर ने चाकू से हमला किया गया। महावीर को घायलावस्था में अस्पताल में दाखिल कराया गया। वहीं महावीर की शिकायत पर थाना समालखा पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सीपीएससीएम को उद्योग की मांगों का ज्ञापन सौंपा

# प्रदेश सरकार को उद्यमियों की समस्याओं से अवगत करवाया

- हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विनोद के साथ कई जिलों के उद्यमी, सीएम के मुख्य प्रधान सचिव से मिले

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

हरियाणा के कई जिलों के औद्योगिक संगठनों के अध्यक्षों व महासचिवों के साथ मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर की बैठक हुई। बैठक में पानीपत, यमुनानगर, फरीदाबाद, सोनीपत और गुड़गांव के औद्योगिक संगठनों ने समस्या से अवगत करवाया।

हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री पानीपत के अध्यक्ष विनोद धमीजा ने पानीपत के उद्योगों की चिंताओं को प्रभावी ढंग से मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर के समक्ष रखा। विनोद धमीजा ने बताया कि बैठक में अनधिकृत और गैर-अनुरूप क्षेत्रों में उद्योगों के नियमितिकरण के संबंध में बजट घोषणा को लागू करने के लिए मांग की गई। वहीं सचिव राजीव अग्रवाल के माध्यम से सीपीएससीएम को उद्योग की मांगों का एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें अगली बैठक में आगे की चर्चा का आश्वासन दिया गया। धमीजा ने बताया कि सीपीएससीएम ने उद्योग विभाग को एक तत्काल नीति बनाने का निर्देश दिया है। जिससे एमएसएमई लाभ प्रदेश के उद्योगों को दिए जा सके।

सभी औद्योगिक संगठनों ने मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर व मुख्यमंत्री नायब सिंह की उद्योग अनुकूल पहलों की सराहना करते हुए कहा कि अब औद्योगिक क्षेत्र पर सकारात्मक प्रभाव की आशा नजर आ रही है।



पानीपत। हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विनोद धमीजा, सीएम के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर से वार्ता करते हुए।

# नशे के विरूद्ध विद्यार्थियों ने शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो नशे से दूरी के लिए नागरिकों में जागरूकता अभियान जारी है। इस कड़ी में सोमवार को नशा मुक्त योग युक्त अभियान के अंतर्गत आईटीआई में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 80वां जागरूकता कार्यक्रम किया गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ.अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए गांव-गांव इस अभियान को बल प्रदान करने में लगे हुए हैं। वे आईटीआई पहुंचे और प्राचार्य विक्रम की अध्यक्षता में 850 विद्यार्थियों, 55 अनुदेशकों और 15 अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। डॉ.अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि प्रतिबंधित नशों की रोकथाम के लिए ब्यूरो द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी नशा मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं होता। यदि नशा होता अच्छा तो सबसे पहले मां देकर कहती ले खा ले मेरे बच्चा। दूसरे पिता भी कहते ले थोड़ी सी पी ले अपनी जिंदगी जी ले। सभी विद्यार्थियों को नशा नहीं करने की शपथ ग्रहण करवाई गई।



पानीपत। आईटीआई के विद्यार्थियों को नशा न करने की शपथ दिलाते डॉ.अशोक वर्मा।

# यूपी के किसानों ने हवाई फायरिंग की

**पानीपत।** यमुना नदी की भूमि में धान की रोपाई के लिए गए पानीपत के गांव रिशपुर के किसानों के साथ उत्तर प्रदेश के बागपत जिला के तहत आने वाले गांव मवी के किसानों ने मारपीट की। वहीं जब रिशपुर के किसानों ने थाना सनौली पुलिस को अपनी मदद के लिए बुलाया तो मवी के किसान हवाई फायरिंग करते हुए फरार हो गए। इधर, रिसपुर गांव के किसान नरेन्द्र, नीटू, कृष्ण आदि ने बताया कि उन्होंने धान की फसल लगाने के लिए धान की पनीरी तैयार कर रख थी। सोमवार को वे यमुना नदी में अपनी भूमि में धान की रोपाई के लिए गए तो गांव मवी के दर्जनों किसान अचानक आए और अवैध रूप से कब्जा करने की नीयत से उनके खेतों की जुताई करने लगे, उन्होंने, उनकी धान की पनीरी को भी नष्ट कर दिया। रिशपुर के किसानों की सूचना पर थाना सनौली पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस को आया देख मवी गांव के किसानों ने हवाई फायरिंग की और अपने गांव की ओर फरार हो गए। दूसरी ओर, थाना सनौली पुलिस ने बताया कि मवी के किसानों ने फायरिंग की है व रिशपुर के किसानों की धान की पनीरी को नष्ट किया है, इस मामले की जांच की जा रही है।

### आंदोलन के लिए जगह तय की

**पानीपत।** जिलाधीश डॉ. वीरेंद्र दहिया ने विभिन्न संगठनों, राजनैतिक दलों के आंदोलनकारियों को अपनी मांगों का विरोध प्रदर्शन करने के लिए जिला सचिवालय के पास जीटी रोड पर ऐलिवेटिड नेशनल हाईवे के नीचे खुली जगह को चिन्हित करने के आदेश किए हैं। जहां पर ये संगठन शांतिपूर्ण सभा और आंदोलनकारियों के लिए विरोध प्रदर्शन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि उनके संज्ञान में आया है कि विभिन्न संगठनों/राजनैतिक दलों के आंदोलनकारी अपनी मांगों के लिए और विरोध प्रदर्शन करने के लिए जिला सचिवालय परिसर के पास एकत्रित होते हैं। यही नहीं ये लोग उपद्रव भी पैदा करते हैं और कानून व्यवस्था की समस्या भी पैदा करते हैं। जिसमें परिसर में नियमित काम के लिए आने वाले आमजन को असुविधा होती है। जिसके दृष्टिगत उक्त स्थान चिन्हित किया गया है।

# विजेंद्र सिंह हत्याकांड के विरोध में जुलूस-प्रदर्शन

- किसान संगठनों ने महापंचायत की, आरोपियों पर कार्रवाई की मांग, डीसी ने वार्ता को 20 जून को बुलाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

पानीपत के निकटवर्ती गांव निजामपुर के किसान विजेंद्र सिंह हत्याकांड के दोषियों की गिरफ्तारी को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में हरियाणा भर के विभिन्न किसान मजदूर संगठनों ने हजारों की संख्या में विशाल रोष प्रदर्शन करते हुए जिला सचिवालय पुलिस अधीक्षक और डीसी कार्यालय का घेराव किया। हत्या आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर किसान विजेंद्र सिंह हत्याकांड न्याय संघर्ष समिति व आर्य समाज के नेता रोहतास फौजी उग्रा खेड़ी के नेतृत्व में जिला उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन दिया गया। वहीं किसानों के आक्रोश को देखते हुए उपयुक्त वीरेंद्र दहिया ने 20 जून का न्याय संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों से बातचीत करने का समय निर्धारित किया है। जबकि संयुक्त किसान मोर्चा ने ऐलान किया की बातचीत के बाद आंदोलन की रूपरेखा तय होगी। जब तक हत्या आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती आंदोलन जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि आज सुबह देवीलाल पार्क में किसान-मजदूर, किसान विजेंद्र को न्याय दिलाने के लिए एकत्र हुए। पार्क के अंदर किसान मजदूर की महापंचायत की गई। जिसकी अध्यक्षता संयुक्त किसान मोर्चा के जिला संयोजक जयकरण कादियान ने की। जबकि संचालन संयुक्त किसान मोर्चा के सह संयोजक मजदूर संगठन सीटू के राज्य सचिव सुनील दत्त ने किया। इस अवसर पर किसान यूनियन के जिला प्रधान सूरजभान रावल, संयुक्त किसान मोर्चा तालमेल कमेटी के वरिष्ठ सदस्य बिंटू मलिक, मा.बलबीर सिंह, सुमित दलाल, कंवरजीत सिंह, सुरेश कौथ, जोगिंद्र सिंह नैन, हाफिज सिराजुद्दीन, किसान यूनियन टिकैत हरियाणा युवा अध्यक्ष रवि आजाद, अभिमन्यु कुहाड़, का.सेवा सिंह मलिक, महावीर व जय भगवान आदि मौजूद रहे।



पानीपत। पानीपत के जिला सचिवालय में किसान विजेंद्र सिंह हत्याकांड के विरोध में आंदोलन करते विभिन्न संगठन।

# बैंकर उधारकर्ता पर कार्रवाई में सावधानी बरतें : डॉ. दहिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

सरफेसी मामलों को लेकर उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने सोमवार को जिले के 15 नेशनलाइज्ड व प्राइवेट बैंकों के बैंकर के साथ बैठक कर बैंकर को उधार कर्ता के साथ सावधानी पूर्ण कार्य करने व एक्शन लेने से पहले विचार करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि बैंकर उधार कर्ता पर अनावश्यक खर्चा न थोपें। उपायुक्त ने अकाउंट रेगुलर करने और प्रस्ताव समझौता पर बैंकर को विचार करने के भी निर्देश दिए। अगर किसी स्थिति में बैंकर व उधार कर्ता केस में समझौता नहीं हो पता तो दोबारा परमिशन नहीं दी जाएगी। इसके लिए बैंकर्स को सावधानीपूर्वक कार्य करने की आवश्यकता है। विदित रहे कि सरफेसी एक्ट का मुख्य उद्देश्य बैंकों और वित्तीयसंस्थानों को गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों को कम करने और ऋण वसूली प्रक्रिया को तेज करने में मदद करना है।



डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया, विभिन्न राष्ट्रीयकृत व प्राइवेट बैंकों के बैंकर के साथ बैठक करते हुए।

# आंखों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हों नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

श्रीराम सेवा दल द्वारा संचालित राजन चावला मेमोरियल डिस्पेंसरी स्थित श्री राम धर्मशाला बरसत रोड नूरवाला में अर्पणा अस्पताल मधुबन, करनाल के अनुभवी नेत्र रोग विशेषज्ञ डा.स्तुति गर्ग व उनकी टीम के साथ नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर में 88 व्यक्तियों की आंखों की जांच की गई। जिसमें तीन व्यक्तियों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन योग्य पाया गया। इन व्यक्तियों को मधुबन अर्पणा अस्पताल में मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए ले जाकर जांच उपरान्त आपरेशन किए जाएंगे। वहीं डिस्पेंसरी में सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार की शाम को चार से छह बजे तक शिशु रोग विशेषज्ञ डा. दिनेश वशिष्ठ बच्चों की फ्री जांच करते हैं। इसके अलावा अब प्रत्येक सोमवार व वीरवार को एमडी मेडिसन डा.सुनील गिरधर भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस अवसर पर श्री राम सेवा दल के प्रधान हरवंश आनंद, रामसरूप चावला, सुन्दर लाल वधवा प्रधान शिवपुरी स्वर्ग आश्रम एवं श्रीराम दशहरा कमेटी बरसत रोड के उप प्रधान, राकेश आनंद, सुमित वधवा, श्याम सुन्दर ग्रोवर तिलक राज छोकरा, राजन छोकरा, गुलशन छोकरा, नरेश आनंद, व सुभाष पुनानी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



पानीपत। राजन चावला मेमोरियल डिस्पेंसरी में नागरिकों की आंखें जांचते हुए डा.स्तुति गर्ग।

### एसडीएम ने समालखा नगर पालिका अध्यक्ष की जांच शुरू की

**समालखा।** राज्य निर्वाचन आयोग ने उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया से समालखा नगर पालिका चेयरमैन अशोक कुच्छल द्वारा चुनाव के दौरान नामांकन फॉर्म में क्रिमिनल रिकॉर्ड छिपा कर चुनाव लड़ने के आरोपों की जांच तलब की है। डीसी डॉ. दहिया के आदेश पर एसडीएम अमित कुमार ने पालिका चेयरमैन अशोक कुच्छल, शिकायत कर्ता पीपी कपूर व पालिका सचिव को सोमवार को अपने कार्यालय में बुला कर आरोपों की जांच शुरु की। यह जांच आरटीआई एक्टिविस्ट कॉमरेड पीपी कपूर द्वारा तीन वर्ष पहले 11 जून 2022 को राज्य निर्वाचन आयोग को दी गई शिकायत पर उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया के आदेश पर शुरु की गई है। इधर, आरटीआई एक्टिविस्ट कॉमरेड पीपी कपूर ने बताया कि उन्होंने तीन वर्ष पहले चुनाव आयोग को शिकायत देकर अशोक कुच्छल का चुनाव रद्द करने की मांग की। जांच के दौरान कपूर ने एसडीएम अमित कुमार को बताया कि अशोक कुच्छल ने नगर पालिका प्रधान पद के चुनाव में अपने नामांकन पत्र में अपना आपराधिक रिकॉर्ड जान बूझ कर छिपा लिया वरना इनका नामांकन तभी रद्द हो जाता और यह चुनाव ही न लड़ पाता।

# साहित्य चेतना मंच के प्रदेशाध्यक्ष बने अनूप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

राष्ट्रीय साहित्य चेतना मंच की मासिक गोष्ठी, हिन्दी विभाग, आईओसीएल के सौजन्य से विहान आफिसर्स क्लब पानीपत रिफाइनरी टाउनशिप में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. एसके शर्मा ने की, मुख्य अतिथि डॉ. सुभाष गर्ग और विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय युवा कवि अनन्य देवरिया, नंदिनी श्रीवास्तव और सिद्ध शंकर मिश्रा रहे। मंच संचालन हास्य कवि मनु बदायूंनी ने किया। वहीं, कार्यक्रम की शुरुआत आकांक्षा सिंह द्वारा की गई सरस्वती से हुई। सर्वप्रथम अनुपिंदर सिंह अनूप को राष्ट्रीय साहित्य चेतना मंच की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष का पदभार सौंपा गया। कार्यक्रम में ग़ज़ल पेश करते हुए कार्यक्रम अध्यक्ष व शायर डॉ. एसके शर्मा ने कहा नहीं कोई सुनता अपनी कहानी, जवानी से टकरा रही है जवानी, कवयित्री डॉ. अंजू शर्मा ने कहा मेरे हर ख्वाब में हैं तू, तेरी हर रातों से नाता है। कवि दलीप खरेरा, कवि प्रदीप, शायर अशोक मलंग, कवयित्री रेनु, कवि अरूण कुमार, कवि डॉ सुरेश राय सरल, कवि राजेश कुमार, शायर आशीष ताज, करनजीत सिंह मान, कवि राधेश्याम ने भी अपनी रचनाएं सुनाई।



राष्ट्रीय साहित्य चेतना मंच की मासिक गोष्ठी में शिरकत करते साहित्यकार।

### प्रदर्शनी में दिखता है केंद्र सरकार का विकास

**पानीपत।** डीआईपीआरओ डॉक्टर सुनील बसताड़ा ने बताया कि केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर विकसित भारत के अमृतकाल थीम पर आधारित सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा जिला सचिवालय परिसर, पानीपत में लगाई गई प्रदर्शनी से आमजन ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों व योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की जा रही है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र सरकार के 11 साल सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण को समर्पित प्रमुख योजनाओं, उपलब्धियों और बदलावों को आमजन तक सरल व प्रभावशाली ढंग से पहुंचाया जा रहा है। वहीं, प्रदर्शनी को देखने आए लोगों ने गहरी रुचि दिखाई और केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रति सराहना व्यक्त की।

**न्यायालय संयुक्त सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

विजय कुमार सलूजा पुत्र स्व. श्री शंकर लाल पुत्र स्व. श्री आसा नन्द निवासी मकान नं. 1505, हुड्डा पार्ट-2, सैक्टर 11-12, जिला पानीपत, तहसील व जिला पानीपत।

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि विजय कुमार सलूजा पुत्र स्व. श्री शंकर लाल पुत्र स्व. श्री आसा नन्द निवासी मकान नं. 1505, हुड्डा पार्ट-2, सैक्टर 11-12, जिला पानीपत, तहसील व जिला पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता स्व श्री शंकर लाल पुत्र श्री आसा नन्द का दिनांक 18/01/2024 को स्वर्गवास हो चुका है व शंकर लाल की पत्नी यानी प्रार्थी की माता वीना रानी का देहांत 31/07/2018 को हो चुका है और शंकर लाल की माता यानी प्रार्थी की दादी तुलसी बाई का देहात काफी समय पहले हो चुका है। जिसकी रिपोर्ट पार्षद अमित नांरग व लेखराज पटवारी से करवा दी गई है जो कि साथ सलंग्न है।

विजय कुमार सलूजा के पिता के निम्न वारिस उत्तराधिकारी हैं:-

1- विजय कुमार सलूजा (पुत्र) 2- अजय कुमार (पुत्र) 3- दीपक सलूजा (पुत्र)।

इनके अलावा मृतक का अन्य कोई वारिस उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास इस इश्तिहार/नोटिस के प्रकाशन के उपराब्त 30 दिन के अन्दर-2 उपरोक्त कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेजों का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 13/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/-संयुक्त-सब रजिस्ट्रार, पानीपत।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-संयुक्त सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**अंकिता Ankita पुत्री व अश्लेषा गर्ग Ashlesha Garg पुत्री व अनुषमान गर्ग Anshuman Garg पुत्र व सीमा गर्ग Seema Garg पत्नी स्व. जितेन्द्र कुमार निवासीगण पानीपत**

**बनाम जनरल पब्लिक**

हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि अंकिता Ankita पुत्री व अश्लेषा गर्ग Ashlesha Garg पुत्री व अनुषमान गर्ग Anshuman Garg पुत्र व सीमा गर्ग Seema Garg पत्नी स्व. जितेन्द्र कुमार ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रुप से बताया जाता है कि जितेन्द्र कुमार पुत्र श्री बाबु राम की मृत्यु दिनांक 21.12.2024 को हो चुकी है। मिनाक्षी नारंग पार्षद वार्ड पार्षद नगर निगम पानीपत व श्री रवि पटवारी की रिपोर्ट के आधार पर मृतक के याद निम्न वारिस/उत्तराधिकारी है-

जितेन्द्र कुमार के वारस- 1. अंकिता Ankita पुत्री 2. अश्लेषा गर्ग Ashlesha Garg पुत्री 3. अनुषमान गर्ग Anshuman Garg पुत्र 4. सीमा गर्ग Seema Garg पत्नी ही है।

इनके अलावा उक्त मृतक का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके संबंध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। मृतक चल-अचल संपति के मालिक रहे है। व अब आगे रजिस्टरी/ट्रांस्फर डीड दिगर के नाम पर करवानी है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक जितेन्द्र कुमार के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर उपरोक्त कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जाएगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 16.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया जाता।

**तहसीलदार-कम-संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

# पाइट में मुखौटे बनाना सीख रहे हैं अध्यापक व विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के तत्वाधान व रास कला मंच सफीदों द्वारा रामायण उत्सव नाट्य प्रस्तुति के लिए मुखौटा बनाने की कार्यशाला का आयोजन पाइट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनएफएल टाउनशिप पानीपत में किया गया। पंद्रह दिन की इस कार्यशाला में पाइट संस्था की तीनों शाखाओं के विद्यार्थियों व अध्यापक भाग ले रहे है। जम्मू से डॉ. अभिषेक भारती जो की मुखौटा बनाने के विशेषज्ञ द्वारा बच्चों व अध्यापकों को पूरी तन्मयता के साथ मुखौटे बनाने सिखा रहे हैं। विद्यार्थियों व अध्यापकों ने पूरी लग्न से जटायु, गणेश, जांबवंत, हनुमान साथ और कई पशु पक्षियों व ग्रीक रंगमंच के मुखौटों पर काम किया। विद्यार्थियों ने अपनी पसंद के मखौटे बनाने की इच्छा व्यक्त की तो रास कला मंच के संस्थापक व थिएटर डायरेक्टर रवि मोहन और उनकी टीम से अंकिता, मोहित हर्षित ने मुखौटों को बनाने की बारीकियों से अवगत कराया। इस कार्यशाला में विद्यालय में प्रयोग में आए हुए कागजों को बेस बनाकर उन पर नए-नए हाव-भाव उकेरे गए। व्यर्थ कागजों को पानी में भिगोकर कूट पीस कर व छानकर उसमें गोंद व मैदे के साथ आटे की तरह गूंथ कर मास्क के बेस पर विभिन्न चेहरों को उकेरा। विद्यार्थियों ने अपनी कल्पना के अनुरूप चेहरों को आकार दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रेखा बजाज ने डॉ. अभिषेक भारती का आभार प्रकट करते हुए कहा कि हमारा विद्यालय इस प्रकार की कार्यशालाओं के लिए हमेशा तैयार रहेगा। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा इस प्रकार का प्रकल्प सराहनीय है बच्चे हमारे देश की संस्कृति व लुप्त होती कलाओं से जुड़े रहेंगे व इन कलाओं के प्रति उनकी जिज्ञासा बनी रहेगी। पाइट परिवार ने डॉ. अभिषेक भारती, रास कला मंच के रंगगुरु रविमोहन आदि का आभार जताया।



पानीपत। मुखौटा बनाने की कार्यशाला में भाग लेते हुए टीचर व विद्यार्थी।

## खबर संक्षेप

### ड्रेन और नालों की सफाई के निर्देश

**नारायणगढ़।** एसडीएम शिवजीत भारती ने सोमवार को बाढ़ नियंत्रण और आपात प्रबंधन को लेकर उपमंडल स्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में संभावित वर्षा और बाढ़ के मद्देनजर तैयारियों की समीक्षा की गई तथा संबंधित विभागों को सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। भारती ने निर्देश दिए कि सभी ड्रेन, नाले एवं पुलियाओं की सफाई का कार्य एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कर लिया जाए ताकि वर्षा के दौरान जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

### समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनी

**नारायणगढ़।** उपमंडल प्रशासन द्वारा आयोजित समाधान शिविर में लोगों की विभिन्न समस्याएं सुनी गईं। शिविर में सबसे अधिक शिकायतें परिवार पहचान पत्र से संबंधित रहीं जिनमें विशेष रूप से फोर व्हीलर पीपीपी से हटवाने की मांग प्रमुख रही। इसके अतिरिक्त रास्ता खुलवाने, सफाई व्यवस्था में सुधार, नजायज कब्जे हटवाने जैसी जनसमस्याएं भी सामने आईं। शिविर में नायब तहसीलदार संजीव अत्री ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बैठक की

**शहजादपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में एसएमओ डॉ. गुरप्रीत सिंह की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग की की आंगनवाड़ी सुपरवाइजर्स की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में सुपरवाइजर्स मनप्रीत कौर, अरविंदर कौर, विनीत, रविंदर कौर और अनु सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य उन गांवों की पहचान करना था जहां लिंगानुपात कम है।

### सफाई कर्मचारियों को किया सम्मानित

**अंबाला।** नगर परिषद अंबाला सदर में सोमवार को स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक वार्ड में अच्छा कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों, डोर टू डोर के कर्मचारीयों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर लायंस क्लब द्वारा भी उपस्थित सभी सफाई कर्मचारियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित भी किया गया। सर्वप्रथम नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर, कार्यकारी अधिकारी व लॉयस क्लब के प्रधान ने दीपशिखा प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

### सीटीएम ने सुनी समस्याएं

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि सभी अधिकारी समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाना सुनिश्चित करें। आमजन की समस्याओं का समाधान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, इसी ध्येय के साथ लोगो की समस्याओं हेतु कार्य करें। नगराधीश आज उपायुक्त कार्यालय मे आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहें थे। शिविर में पंहुचे लोगो की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों के अधिकारियों को उनकी समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

### महिला से लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**अंबाला।** एक महिला ने होटल मालिक पर ही अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाया है। महिला की ओर से पुलिस को शिकायत दी गई है। उसका आरोप है कि होटल मालिक अक्सर उससे अश्लील बातें करता है। अंबाला शहर स्थित एक रिसॉर्ट में काम करने वाली महिला ने मालिक पर छेड़छाड़ के आरोप लगाए हैं। महिला ने इससे संबंधित एक शिकायत व एक रिकार्डिंग भी पुलिस को दी है।महिला ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में कहा है कि रिसॉर्ट का एमडी उसे कई बार बैड टच कर चुका है। इसके कारण वो रिसॉर्ट में खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करती है। , महिला ने बताया कि मालिक ने उन्हें कई बार जबरदस्ती गले लगाने की कोशिश तक की।

### 26 जून को पहली फाइनल सूची जारी की जाएगी

# कॉलेजों में आवेदन की समय सीमा खत्म तय सीटों के मुकाबले कम आए आवेदन

### राजकीय आईटीआई और राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में दाखिले के लिए छात्रों में दिख रहा उत्साह



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

राजकीय, एडेड व सेल्फ फाइनांस कॉलेजों में दाखिले के लिए छात्र ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। इस बार भी कॉलेजों में सीटों के मुकाबले आवेदन कम पहुंच रहे हैं, जबकि सीट ज्यादा हैं। दूसरी तरफ राजकीय आईटीआई और राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में आवेदन की स्थिति सीट के मुकाबले ज्यादा हैं। कॉलेजों में ऑनलाइन आवेदन की समय सीमा सोमवार को समाप्त हो गई। अब 25 जून को प्रोविजनल मेरिट सूची जारी की जाएगी। जबकि 26 जून को पहली फाइनल सूची जारी की जाएगी। पहली सूची में मेरिट में आने वाले अभ्यर्थी 27 से 30 जून तक फीस जमा करवा सकेंगे। इसी तरह दो जुलाई को दूसरी मेरिट प्रोविजनल सूची जारी की जाएगी। तीन जुलाई को अंतिम दूसरी मेरिट सूची जारी की जाएगी। दूसरी मेरिट सूची में आने वाले अभ्यर्थी चार से सात जुलाई तक पोर्टल पर फीस जमा करा सकेंगे। दो मेरिट सूची के बाद सीट बचने पर नौ जुलाई से फिजिकल काउंसलिंग की जाएगी। सीट बचने पर 10 जुलाई को दोबारा ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन मांगे जाएंगे। आईटीआई में 20 तक कर सकते हैं आवेदन राजकीय आईटीआई में ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 20 जून और राजकीय पॉलिटेक्निक में 30 जून तक चलेगी। आईटीआई और पॉलिटेक्निक में सीट के मुकाबले ज्यादा आवेदन पहुंच रहे हैं। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शहर में 1184 सीट के मुकाबले 2477 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। राजकीय बहुतकनीकी संस्थान शहर में 600 सीट पर दाखिला होना है। संस्थान में 700 से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। राजकीय महिला महाविद्यालय की दाखिला नोडल अधिकारी डॉ. निशा बुराक ने बताया कि कॉलेजों में प्रोफेशनल कोर्स में अभ्यर्थी रुझान दिखा रहे हैं। परंपरागत कोर्स में पिछले वर्षों के मुकाबले कम आवेदन आ रहे हैं। हालांकि हरियाणा कॉलेज टीचर एसोसिएशन के प्रदेश प्रधान दयानंद मलिक ने बताया कि कॉलेजों में सीट के मुकाबले आवेदन कम आ रहे हैं। बीए, बीसीए में आवेदन की स्थिति ठीक है। बीकॉम में भी स्थिति ठीक हुई है मगर मेडिकल व नॉन मेडिकल कोर्स में आवेदन कम आ रहे हैं। इसका कारण यह भी है कि थोड़ी दूरी पर ही कॉलेज खुल रहे हैं। आईआईएम, आईआईएम, पॉलीटेक्निक और आईटीआई में सीट बढ़ रही हैं। पहले पीजी कोर्स भी कुछ ही कॉलेजों में होता था। अब पीजी कोर्स छोटे कॉलेजों में भी खुले हैं।

### बीस तक इंजीनियरिंग और गैर इंजीनियरिंग ट्रेड के लिए आवेदन

- मूलचंद आईटीआई में चल रही है दाखिले की प्रक्रिया
- 465 छात्र ऑनलाइन कर चुके हैं आवेदन, आने वाले दिनों में बढ़ेगी आवेदकों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

राज्य में स्थित सभी राजकीय एवं निजी आईटीआई में चलाए जा रहे इंजीनियरिंग एवं गैर-इंजीनियरिंग ट्रेडों में सत्र 2025-26 के दाखिले हेतु ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गया है। कोई भीछात्र विभागीय वेबसाइट पर दाखिले के लिए आवेदन कर सकता है। ऑनलाइन दाखिला फार्म भरने की अवधि 20 जून होगी। ऑनलाइन दाखिला फार्म भरने हेतु मूलचंद राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान छावनी में निशुल्क भरे जा रहे हैं। इनके लिए हेल्प डेस्क बनाए गए हैं। इस संस्थान में 16 जून तक कुल 465 प्रार्थियों द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण करवाया गया है। इस संस्थान में प्रत्येक व्यवसाय यूनिट में 75 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति तथा 25 प्रतिशत सीटें अन्य वर्ग के प्रार्थियों से भी जाएगी। दाखिला लेने वाली छात्राओं जिनके अभिभावको की वार्षिक आय 3 लाख रूपए से कम हो उनको प्रत्येक वर्ष 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रशिक्षण अवधि के दौरान सरकार द्वारा एक मुश्त 2500 रूपए प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। दाखिला प्राप्त श्रेणी की महिलाओं व अनुसूचित जाति से संबंधित प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहनार्थ 1000/- रूपए तक की टूलकिट निशुल्क प्रदान की जाती है। दाखिला अन्य पिछड़ा वर्ग के राज्यवासी छात्रों को भारत सरकार की पोस्ट मैट्रिक स्कोलरशीप योजना के अंतर्गत केवल शैक्षणिक भत्ता 5000/- रूपए प्रतिवर्ष दिया जाता है। विभिन्न दाखिला चरणों हेतु मेरिट एवं सीट अलॉटमेंट जारी होने के पूर्ण कार्यक्रम बारे सूचना विभागीय वेबसाइट पर ही उपलब्ध करवाई जाएगी। आईटीआई के प्राचार्य ने प्रार्थियों से अनुरोध है कि वह दाखिला वेबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहे। प्रार्थियों से शैक्षणिक योग्यता, आरक्षण एंव स्थाई निवासी, परिवार पहचान पत्र इत्यादि मूल-प्रमाण पत्रों की स्कैन प्रतियां तथा फीस दाखिला फार्म में ही ऑनलाइन अपलोड करवाई जाएगी।



अंबाला। भगवान परशुराम जिला ब्राह्मण सभा की नियुक्त कार्यकारिणी।

## भगवान परशुराम जिला ब्राह्मण सभा की कार्यकारिणी का चयन

- सर्वसम्मति से देवी राम शर्मा को संस्थापक, राजेंद्र कौशिक को चेयरमैन नियुक्त किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

भगवान परशुराम गौशाला में एक बैठक का आयोजन किया गया। सबसे पहले परशुराम चालीसा का पाठ किया गया। इसमें जिला के सैंकड़ों ब्राह्मणों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से ब्राह्मण समाज के कल्याण के लिए श्री परशुराम जिला ब्राह्मण सभा की स्थापना करने का निर्णय लिया गया। इसका कार्यालय भगवान परशुराम गौशाला, खतौली में ही होना निर्धारित किया गया।

मीटिंग में सर्वसम्मति से देवी राम शर्मा को संस्थापक, राजेंद्र कौशिक (राष्ट्रपति अवार्डी) चेयरमैन, तरसेम पाल शर्मा प्रधान, राकेश शर्मा गोल्डी सचिव एवं जोगिंद्र पाल कौशिक, टेकन राज शर्मा, जयराम शर्मा पूर्व सरपंच, टीका राम शर्मा को संरक्षक बनाया गया। इसके साथ ही शीघ्र ही सभा की रजिस्ट्रेशन करवाने का निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर राकेश कुमार गोल्डी, टेकन राज शर्मा, जयराम शर्मा पूर्व सरपंच, टीका राम शर्मा, शशि पाल शर्मा प्रधान ठाकुर द्वारा पंजोखरा, प्रवीन कुमार शर्मा प्रधान धनाना, रणजीत कुमार शर्मा, यूडी शर्मा, धर्मपाल शर्मा, महेंद्र पाल शर्मा, अरविंद शर्मा,श्याम सुंदर शर्मा, हरीश शर्मा, प्रदीप शर्मा लाडी, पवन शर्मा, राजेश शर्मा आढ़ती, मिंटू शर्मा, शीश राम शर्मा, राकेश शर्मा छछरौली, राजेश शर्मा, राजकुमार शर्मा, जयराम शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, सुरेश शर्मा, संदीप शर्मा रिंकू, मनीष शर्मा, गोपाल शर्मा, जितेंद्र शर्मा, सुरेश कुमार शास्त्री, सुभाष शर्मा शास्त्री, अशोक कुमार शर्मा, जय गोपाल शर्मा, संजय कुमार गौड़, पंडित सुभाष शर्मा, लोकेश कुमार शर्मा, एडवोकेट देवी दयाल भारद्वाज, विष्णु कुमार, साहिल शर्मा, सतीश शर्मा मैनेजर, लक्ष्मी कांत शर्मा, एडवोकेट मणीकांत शर्मा, कुशल कुमार शर्मा, करिश कुमार शर्मा, रिंटू शर्मा, जयपाल शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, मुकेश कुमार शर्मा, सुभाष शर्मा , सीमा मेहता , सुभाष चंद्र बक्शी, नरेंद्र कुमार अत्री, जयदीप शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, राजेश कुमार शर्मा, कृतिक शर्मा शाहजादपुर भी मीटिंग में मौजूद रहे। देवीराम शर्मा प्रधान ने आए हुए सभी बंधुओं का धन्यवाद करके मीटिंग समापन की घोषणा की। जलपान के पश्चात गायत्री मंत्र का जाप करके मीटिंग का समापन किया गया।

# बुजुर्ग की मौत पर हंगामा, बिना कार्रवाई चिकित्सकों ने शव देने से किया इनकार

- घर पर हो गई थी बुजुर्ग की मौत, जांच के लिए अस्पताल लेकर आए थे परिजन

### पुलिस ने मामले को शांत करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

सोमवार दोपहर अंबाला कैंट के रोटरी अस्पताल में जमकर हंगामा हुआ। परिजनों ने आरोप लगाया कि उनके मरीज की घर पर ही मौत हो गई थी। वे बिना किसी कार्रवाई के शव वापिस ले जाना चाहते थे। मगर अस्पताल प्रबंधन ने बिना कार्रवाई के शव देने से इंकार कर दिया। इसी वजह से रोटरी अस्पताल में जमकर हंगामा हुआ। परिजनों का यह भी आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने पहले मृत शरीर के टेस्ट किए। फिर शव देने से मना किया। हालांकि प्रबंधन ने साफ कहा कि पुलिस कार्रवाई के बिना वे शव को नहीं दे सकते।

दरअसल अंबाला कैंट के गांधी नगर के रहने वाले जय प्रकाश (85) की सोमवार को घर पर ही तबीयत बिगड़ने से मौत हुई थी। शंका होने पर परिजन उनके शव को अस्पताल ले गए थे। यहां जांच टीम ने जयप्रकाश को मृत घोषित कर दिया। बिना कार्रवाई के चिकित्सकों ने परिजनों को शव देने से इंकार कर दिया। इस वजह से परिजन भड़क उठे। उन्होंने चिकित्सकों की कार्रवाई पर सवाल उठाए। इस मामले को लेकर अस्पताल प्रबंधन ने साफ कहा कि वे पुलिस को जानकारी दिए बिना परिजनों को शव नहीं दिया जा सकता। वे कानून से बाहर नहीं जा सकते।हंगामा बढ़ता देख पुलिस को अस्पताल में बुलाया गया।

जहां पुलिस ने परिजनों से बातचीत कर हंगामे को शांत करवाया। इसके बाद पुलिस के अधिकारियों ने डॉक्टरों से बातचीत की। बातचीत के बाद पुलिस ने कहा है कि नियमानुसार कार्रवाई करके शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# शिविर में 55 विद्यार्थियों ने किया रक्तदान

- जीएमएन कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। शिविर में रक्तदान करते छात्र। फोटो: हरिभूमि

जीएमएन कॉलेज में सोमवार को एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 1 हरियाणा गर्ल्स बटालियन, अंबाला कैंट, कॉलेज की वाईआरसी इकाई तथा जेसीआई अंबाला कैंट के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ। इस शिविर में मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ. राकेश सहल तथा डॉ. जोगिंद्रर, नागरिक अस्पताल, अंबाला कैंट रहे। कुल 55 प्रतिभागियों ने रक्तदान किया, जो समाज के प्रति उनकी सेवा भावना और संवेदनशीलता को दर्शाता है। एनएमआईएमएस, मुंबई से एमबीए टेक छात्र जीवितेश दत्त विशेष रूप से शिविर में सम्मिलित हुए। उनके साथ कैडेट्स अवनीत एवं 20 अन्य ने स्वयंसेवक के रूप में सक्रिय योगदान दिया। शिविर में डॉ. राकेश संयोजक वाईआरसी , सीटीओ डॉ. तृप्ति शर्मा, गैलीसन समेत दो पीआई स्टाफ , सलोनी एवं अनीता सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने इस अवसर पर कहा, /"रक्तदान एक महान कार्य है और हम सभी को इसमें भाग लेना चाहिए। इससे हम अनगिनत जिंदगियों को बचा सकते हैं। ऐसे आयोजनों से युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। इस प्रकार, यह रक्तदान शिविर पूर्ण रूप से सफल रहा और समाज को एक सकारात्मक संदेश देने में सफल हुआ।

# एबीवीपी ने प्रिंसिपल को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



राजकीय महाविद्यालय प्रिंसिपल प्रो . सत्यवान मलिक को ज्ञापन सौंपते हुए।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कॉलेज ईकाई ने सोमवार को राजकीय महाविद्यालय के प्रिंसिपल को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा और छात्र समस्याओं से अवगत करवाया। कालेज इकाई अध्यक्ष वीरसैन, नगर मंत्री प्रतीक शर्मा, रवि जोशी, श्रीकांत शर्मा ने ज्ञापन के माध्यम से छात्रों ने मांग की कि स्पेशल चांस का नोटिफिकेशन हुए हमें 17 मार्च को यूनिवर्सिटी के कंट्रोलर डा. नीरज सिंह को और 18 मार्च को कॉलेज के प्रिंसिपल के माध्यम से कंट्रोलर के नाम ज्ञापन सौंप कर मांग की थी लेकिन अभी तक उसका नोटिफिकेशन जारी नही हुआ है। कॉलेज में सभी यूजी नॉन एनईपी कोर्स के 1, 3, 5 सेमेस्टर के विद्यार्थियों के रिवॉल्यूशन रिजल्ट जारी करें। कॉलेज में चल रहे यूजी नॉन एनईपी कोर्स के विद्यार्थियों के 2, 4, 6 सेमेस्टर का रिजल्ट चल्द से चल्द जारी किया जाए। क्योंकि हरियाणा के सभी यूनिवर्सिटी में एडमिशन शुरू हो गए हैं। जल्द ही कॉलेज की एडमिशन की प्रक्रिया भी शुरू होने वाले हैं। साथ एसएससी द्वारा भी ग्रेजुएशन पास किए हुए विद्यार्थियों के लिए भी नौकरी के लिए आवेदन मांगे हैं। पीजी तीन सेमेस्टर के कुछ कोर्स के रिजल्ट अभी तक बारी जारी नहीं हुए हैं। इन विद्यार्थियों को आगे आने वाले समय में नेट जेआरएफ जैसी परीक्षा भी देनी है।

### जियो फेंसिंग हाजिरी लगाने के विरोध में 19 को गरजेंगे स्वास्थ्यकर्मी

**जींद।** सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मचारियों को लोकेशन आधारित जियो फेंसिंग हाजिरी लगाने के लिए बाध्य करने वाले निर्णय का बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसो विरोध करेगी। इसे लेकर 19 जून को सिविल सर्जन कार्यालय पर रोष सभा आयोजित की जाएगी और सीएमओ डा. सुमन कोहली के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा जाएगा। जिला प्रधान प्रदीप लाठर, उपप्रधान सुदेश रानी व नीलम ने बताया कि सरकार द्वारा चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मचारियों को अपने मोबाइल के माध्यम से जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति दर्ज करने के अव्यवहारिक आदेशों को यदि सिविल सर्जन के माध्यम से भेजे जाने वाले ज्ञापनों के उपरांत भी वापस नही लिया तो एसो विभाग में कार्यरत चिकित्सकों सहित सभी अन्य वर्गों के कर्मचारियों को साथ लेकर निर्णायक आंदोलन करेगी। बताया कि लाइव लोकेशन आधारित जियो फेंसिंग हाजिरी भारत के संविधान व माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों व टिप्पणी की उल्लंघना तथा कर्मचारी की व्यक्तिगत निजता पर हमला है।

# आमजन को नहीं आने दें किसी भी प्रकार की समस्याः रामकुमार गौतम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि सभी अधिकारी आमजन की समस्या के समाधान के लिए कार्य करें। किसी भी व्यक्ति का विभागीय कार्य नहीं रूकना चाहिए। अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का भी कार्य पूरी ईमानदारी एवं गभीरता से करें। सफीदों विधायक रामकुमार गौतम सोमवार को सफीदों के लोक निर्माण विश्राम गृह में विधानसभा क्षेत्र के लोगों की बिजली, पानी, सड़क, परिवहन, सुरक्षा, चिकित्सा, परिवार पहचान पत्र, सड़कों की लाईटें आदि से सबधित समस्याओं को सुना और उनके समाधान का संबधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के समाधान के लिए सदैव आमजन के साथ खड़े हैं। किसी भी आम जन को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी तरह के विकास कार्यों में कमी नहीं रहने दी जाएगी। आने वाले कुछ सालों में हलका अपनी अलग पहचान बन कर उभरेगा। विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आशीर्वाद से हरियाणा अग्रणी राज्यों शुमार है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एसडीएम पुलकित मल्होत्रा, डीएसपी गौरव शर्मा, एसएचओ सदर सुनील कुमार, नायब तहसीलदार विकास कुमार, राकेश शर्मा, अजय कटारिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# अंबाला में 4 पंचायतों को मिले नए सरपंच

- शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव के बाद सभी निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर ने बताया कि जिला में चार ग्राम पंचायतों के तहत सरपंच पदों के लिए आम चुनाव/उपचुनाव शंतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। मतदान प्रक्रिया के तहत चारों गांव में निष्पक्ष व पारदर्शिता तरीके से चुनाव करवाने के लिए पुलिस के व्यापक प्रबन्ध किए गए थे। चारों गांवों में मतदाताओं ने आगे आकर अपने मत का प्रयोग किया। उन्होंने चुनाव को निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाने के लिए चुनाव ड्यूटी से जुड़े सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना करते हुए मतदाताओं का आभार व्यक्त किया हैं। डीडीपीओ दिनेश शर्मा ने बताया कि उपचुनाव के तहत अंबाला ब्लॉक-1 की ग्राम पंचायत काठगढ़ से निर्मला सरपंच पद पर विजयी हुई हैं। निर्मला को कुल 557 मत प्राप्त हुए हैं। इसी प्रकार खंड बराड़ा की ग्राम पंचायत सज्जन माजरी से जगदीश कुमार विजयी हुए हैं। जगदीश कुमार को कुल 166 मत प्राप्त हुए हैं। नारायणगढ़ की ग्राम पंचायत आजमपुर से नवजोत सैनी सरपंच पद के लिए विजयी हुए है।

### श्रीकृष्ण कृपा गीता मंदिर सेक्टर-8 में चल रहे समर कैंप का समापन

# गीता के श्लोकों को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। कैंप के समापन अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज बच्चों के साथ। फोटो: हरिभूमि

श्रीकृष्ण कृपा गीता मंदिर सेक्टर-8 में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज की सत्प्रेरणा से 7 से 15 वर्ष के बच्चों के लिए प्रातः 10 से 1 बजे तक पांच दिवसीय श्रीमद्भागवत गीता पर आधारित बाल संस्कार समर कैंप का आयोजन किया गया। इसमें असंख्य बच्चों ने भाग लिया। समर कैंप में कीर्ति ग्रोवर, गीता चावला, अलका मलहोत्रा, इन्दू बजाज, आशु ढींगरा, रूपम अरोड़ा आदि प्रशिक्षकों के द्वारा बच्चों को गणेश वंदना, गुरू वंदना, गायत्री मंत्र, हिन्दी वर्णमाला की गिनती, ऊं का उच्चारण व श्रीमदभगवद गीता से संबंधित ज्ञान की बातें सीखाई गई। उन्होंने बच्चों को समझाया कि नाश्ते, दोपहर के भोजन तथा रात्रि विश्राम के पूर्व श्रीमद्भगवद गीता के तीन-तीन श्लोकों के उच्चारण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। समर कैंप के समापन समारोह पर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज बच्चों को आशीर्वाद व सर्टिफिकेट देने के लिए स्वयं उपस्थित रहे। बच्चों से बातें की तथा पूछा कि उन्हें इस समर कैंप में क्या-क्या अच्छा लगा। बच्चों ने स्वामी ज्ञानानंद जी को बताया कि उन्होंने संस्कृत में श्रीमद्भगवद गीता के श्लोक, योग आसन, भजन व डांस इत्यादि सीखा।

### इनका रहा विशेष योगदान

इस अवसर पर कायरा, गीतिका, रुचि, खुशी, निहारिका, प्राची कुहान समेत कई बच्चों ने गीता पर आधारित स्वामी ज्ञानानंद महाराज के द्वारा पूछे गए प्रश्नों जैसे श्रीमद्भगवदगीता में कितने श्लोक हैं, गीता जी का उपदेश किसने किसे दिया और यह कहां दिया गया आदि के उत्तर दिए। पराग बवेजा, वृत्ति छाबड़ा ने भजन सुनाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर सुनीता छाबड़ा, शिवानी आदि बच्चों के अभिभावकों ने भी शिविर में भाग लिया। इस शिविर को सफल बनाने में हैप्पी चावला व केवल चावला का विशेष योगदान रहा।